राष्ट्रीय सहारा

बुधवार • 28 सितम्बर • 2022

कौशल विकास में निहित है राष्ट्र का विकास : प्रो.त्यागी

वाराणसी (एसएनबी)। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बीबीए पाठ्यक्रम के लिए आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कुलपति काशी विद्यापीठ प्रो आनंद कुमार त्यागी ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा अपनी वरीयता तय करना बेहद आवश्यक है। वरीयता सुनिश्चित करने के बाद ही आप सही निर्णय ले सकने की स्थिति में होंगे। उन्होंने कहा कि कौशल का मूल्य आधारित होना बेहद जरूरी है। तभी राष्ट्र और व्यक्ति का विकास संभव है। उदघाटन सत्र में एसएमएस की प्रस्तावना प्रो अविनाश चंद्र सूपकर ने प्रस्तुत किया। सत्र का संचालन डॉ सोफिया खान ने किया। इस दौरान एसएमएस के अधिशासी सचिव डॉ एमपी सिंह, कुलसचिव संजय गुप्ता, प्रबंध संस्थान बीएचयू के निदेशक प्रोफेसर सुजीत कुमार दूबे, एसएमएस निदेशक प्रो पीएन झा, बीबीए कोर्स कोआर्डिनेटर डॉ चन्द्रशेखर सिंह सहित समस्त शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे।

विद्यापीठ के कुलपति का स्वागत करते निदेशक प्रो. पीएन झा। फोटो : एसएनबी

हिन्दुस्तान
वाराणसी, बुधवार, 28 सितंबर 2022

एसएमएस में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ

वाराणसी। एसएमएस वाराणसी में दो दिनी ओरिएंटेशन कार्यक्रम मंगलवार को शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि विद्यापीठ के वीसी प्रो आनंद कुमार त्यागी ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा वरीयता तय करना जरूरी है। विशिष्ट अतिथि प्रबंध संस्थान बीएचयू के निदेशक प्रो. सुजीत कुमार दुबे ने छात्रों को सुझाव दिए। एसएमएस निदेशक प्रो पीएन झा ने भी विचार रखे। इस दौरान प्रो. अविनाश चंद्र सूपकर, डॉ. सोफिया खान, डॉ. एमपी सिंह, संजय गुप्ता आदि थे।

छात्रों को वरीयता तय करना आवश्यक : प्रो. आनंद त्यागी

वाराणसी (वि) : स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेज में मंगलवार को दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरुआत हुई। संस्थान में संचालित बीबीए पाठ्यक्रम के लिए आयोजित ओरिएंटेशन उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कुलपति काशी विद्यापीठ प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने कहा कि छात्रों को अपनी वरीयता तय करना आवश्यक है। वरीयता सुनिश्चित करने के बाद ही सही निर्णय ले सकने की स्थिति में होंगे। विद्यार्थियों में कौशल और मूल्यपरक व्यवस्था को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि मूल्य संबर्धित कौशल के विकास से ही व्यक्तित्व विकास संभव है। विशिष्ट अतिथि प्रो. सुजीत दुबे ने प्रबंधन में मूल्य की जरूरत पर जोर दिया। संचालन डा. सोफिया खान ने किया। एसएमएस के निदेशक प्रो. पीएन झा, प्रो. अविनाश चंद्र सूपकर डा. एमपी सिंह, संजय गुप्ता आदि रहे।

स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंससेज ओरियंटेशन के उद्घाटन सत्र के दौरान काशी विद्यापीठ के कुलपति आनंद त्यागी को स्मृति चिन्ह देते संस्था के निदेशक।